# सेंट थॉमस स्कूल
## अभ्यास कार्य
## कक्षा-छठी , विषय–हिन्दी

प्रश्न-1. गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

इस तरह तीन-चार दिन गुजर गए। दोनों बच्चों की जिज्ञासा दिन-दिन बढ़ती जाती थी। अंडों को देखने के लिए वे अधीर हो उठते थे। उन्होंने अनुमान लगाया कि अब ज़रूर बच्चे निकल आए होंगे। बच्चों के चारे का सवाल अब उनके सामने आ खड़ा हुआ। चिड़िया बेचारी इतना दाना कहाँ पाएगी कि सारे बच्चों का पेट भरे! गरीब बच्चे भूख के मारे चूँ-चूँ करके मर जाएँगे। इस मुसीबत का अंदाजा करके दोनों घबरा उठे।

क. बच्चे क्या देखने के लिए अधीर हो उठते थे?
ख. बच्चों के सामने क्या सवाल था?
ग. बच्चों ने क्या अनुमान लगाया?
घ. गद्यांश में से दो संज्ञा शब्द लिखिए।
ड. शब्दों के अर्थ लिखो - जिज्ञासा , अधीर

प्रश्न-2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

क. लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थी?
ख. 'वह चिड़िया जो' कविता में चिड़िया को गरबीली क्यों कहा गया है?
ग. केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की या नादानी?
घ. कविता 'चाँद से थोड़ी-सी गप्पें' में चाँद से कौन बात कर रहा है?

प्रश्न-3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए-

1 शुभ, ज्ञात, हार, सूर्यास्त, प्रवेश (विलोम शब्द लिखिए)
2 काठ,काट ग्रह,गृह कुल,कूल (श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द लिखिए)
3 जो बहुत बोलता हो, जो कभी ना मरे, फल खाने वाला, (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए)
4 राम कहाँ जा रहे हो?, डाकिया पत्र डालता है। (संज्ञा शब्द छाँटकर भेद लिखिए)
5 तात, कर, दल, कल, तीर, अर्थ (अनेकार्थक शब्द लिखिए)
6 पक्षी, बीमारी, पुस्तक, जाति, (वचन बदलो)
7 राजा, बेटा, छात्र, पुत्र, बूढ़ा ( लिंग बदलो)
8 सीता पेन से लिखती है। (कारक रेखांकित करके भेद लिखिए)
पेड़ से पत्ते गिरते हैं।

प्रश्न-4. क यदि आप पेड़ से गप्पें लगाएँ तो किस प्रकार लगाएँगे? अपने विचार लिखिए।
ख 'वह चिड़िया जो' कविता में चिड़िया की किन विशेषताओ ने आपको प्रभावित किया है?